<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>इरेडा ने जांच शिविर के आयोजन साथ 100 दिवसीय टी बी मुक्त भारत अभियान में शामिल हुआ</u>





नई दिल्ली, 15/06/2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय गहन अभियान के हिस्से के रूप में आज नई दिल्ली में अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में दो दिवसीय नि-क्षय शिविर (टीबी स्क्रीनिंग कैंप) का शुभारंभ किया।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय टीबी प्रभाग की एक टीम ने रोग का शीघ्र पता लगाने और रोकथाम के उद्देश्य से कर्मचारियों की जांच की।

शिविर का उद्घाटन इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री दास ने कहा, "इरेडा राष्ट्रीय स्वास्थ्य पहल और टीबी मुक्त भारत के सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह शिविर स्वच्छ ऊर्जा के हमारे मिशन के साथ-साथ कर्मचारियों की भलाई के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। टीबी को खत्म करने के लिए प्रारंभिक जांच महत्वपूर्ण है। तदनुसार उनके द्वारा सभी कर्मचारियों को इसमें भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया।"